तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 25.0° | 32.0° |
| इंदौर | 24.0° | 30.0° |
| जबलपुर | 26.0° | 33.0° |
| ग्वालियर | 28.0° | 34.0° |
| सागर | 24.0° | 31.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 222, पृष्ठ 12)
आषाढ़, कृष्ण द्वादशी संवत् 2083
शनिवार, 11 जुलाई 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




राजधानी... अतिथि विद्वानों के हित में आवश्यक कदम उठाएगी...


खेल... फीफाः फ्रांस लगातार तीसरी बार विश्व कप के ...


व्यापार... सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में ...


देश-विदेश... भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल ...


**दतिया उपचुनाव** | नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं मिलने पर प्रदर्शन, ग्वालियर-झांसी मार्ग पर जाम

# भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटा आशुतोष तिवारी को बनाया प्रत्याशी



**नईदुनिया ब्यूरो, दतियाः** भारतीय जनता पार्टी ने दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए आशुतोष तिवारी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं दिया। प्रत्याशी की घोषणा के बाद नरोत्तम मिश्रा के समर्थक और व्यापारी विरोध में सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने ग्वालियर-झांसी मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे लगभग दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शनकारियों ने बाजार बंद कर भोपाल में भी विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

उपचुनाव की घोषणा के बाद से नरोत्तम मिश्रा लगातार चुनावी तैयारियों में जुटे हुए थे। उन्होंने विभिन्न सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से संवाद किया और अपनी पुरानी गलतियों के लिए क्षमा भी मांगी थी। बुधवार को उन्होंने नामांकन पत्र भी खरीदा था और शुक्रवार को नामांकन दाखिल किए जाने की चर्चा थी। अब तक कुल 13 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं, जिनमें से चार प्रत्याशी अपना नामांकन जमा कर चुके हैं। आशुतोष तिवारी ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में सेवढ़ा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का टिकट मांगा था, लेकिन उस समय पार्टी ने प्रदीप अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया था। तिवारी भारतीय जनता पार्टी में संभागीय संगठन मंत्री की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। इसके अलावा वह मध्य प्रदेश आवास मंडल के अध्यक्ष के पद पर भी कार्य कर चुके हैं, जिसे मंत्रिमंडल स्तर का दर्जा प्राप्त था।

नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों ने पार्टी के निर्णय पर नाराजगी जताई। व्यापारी महेश गुलवानी ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए उन्हें ही टिकट मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि यदि निर्णय नहीं बदला गया तो व्यापारी वर्ग बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन करेगा। अन्य व्यापारियों ने भी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व से निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि नरोत्तम मिश्रा ने 35 वर्षों तक पार्टी की सेवा की है।

## भारती को उच्च न्यायालय से राहत नहीं, उपचुनाव से पहले सजा पर रोक से इनकार, 3 वर्ष की सजा बरकरार



**दतियाः** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दतिया विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही बैंक सावधि जमा घोटाला प्रकरण में उन्हें सुनाई गई तीन वर्ष की सजा बरकरार रहेगी। राजेंद्र भारती ने अपनी दोषसिद्धि और सजा पर रोक लगाने के साथ ही उपचुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें निचली अदालत से जमानत मिल चुकी है। याचिका में राजेंद्र भारती ने कहा था कि यदि दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगी तो उनका चुनाव लड़ने का अधिकार प्रभावित होगा। सुनवाई के दौरान उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी. चिदंबरम ने दलील दी कि यह आपराधिक नहीं, बल्कि दीवानी प्रकृति का मामला है। उन्होंने कहा कि बैंक पहले इस विवाद को दीवानी मामला मानते हुए उच्चतम न्यायालय गया था, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था। संबंधित सावधि जमा अब भी बैंक में सुरक्षित है। उल्लेखनीय है कि बैंक सावधि जमा घोटाला मामले में दिल्ली की सांसद-विधायक विशेष अदालत ने दो अप्रैल को राजेंद्र भारती को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता समाप्त कर सीट रिक्त घोषित कर दी, जिसके चलते दतिया विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की स्थिति बनी।

# बांकीपुर उपचुनाव में भी भाजपा ने बदला प्रत्याशी

### अभिषेक सिन्हा की जगह नीरज सिन्हा को बनाया उम्मीदवार





**नईदुनिया ब्यूरो, पटनाः** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार की बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी में बदलाव कर दिया है। पहले घोषित प्रत्याशी अभिषेक सिन्हा ने नाम वापस लेने की घोषणा की, जिसके बाद पार्टी ने नीरज सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। अभिषेक सिन्हा के नामांकन पत्र में परिवार और शैक्षणिक जानकारी से जुड़ी गड़बड़ियों के कारण यह निर्णय लिया गया। हालांकि उन्होंने नाम वापसी का कारण पारिवारिक परिस्थितियों को बताया है। नीरज सिन्हा पिछले 20 वर्षों से पार्टी से जुड़े हैं और वर्तमान में मंडल अध्यक्ष हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अधिवक्ता का जोरदार हंगामा



▶▶ **मुख्य न्यायाधीश को कहे अपशब्द, न्यायालय कक्ष से सुरक्षा कर्मियों ने बाहर निकाला**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता ने हंगामा करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के लिए अपशब्द कहे और न्यायालय कक्ष में फाइल फेंक दी। घटना के समय मुख्य न्यायाधीश न्यायालय कक्ष में मौजूद नहीं थे।

यह घटना न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ के समक्ष हुई। हंगामे के बाद न्यायालय के निर्देश पर सुरक्षा कर्मियों ने अधिवक्ता को तत्काल न्यायालय कक्ष से बाहर निकाल दिया। बाद में दिल्ली पुलिस उसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार हंगामा करने वाले अधिवक्ता का नाम प्रबल प्रताप है। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अपनी रिट याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। उनकी याचिका में उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उनकी अर्जी पर पुलिस जांच कराने के बजाय उसे निजी शिकायत के रूप में माना गया था।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अधिवक्ता से पूछा कि क्या वह स्वयं अपना पक्ष रखेंगे। इस पर उन्होंने न्यायालय को संबोधित करते हुए लखनऊ के सहायक पुलिस आयुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने की बात कही।

इस पर न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा कि क्या वह न्यायालय को आदेश दे रहे हैं। इसके बाद अधिवक्ता ने कहा कि उनकी ओर से इतना ही कहना है और सभी तथ्य अभिलेख पर हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने फाइल हवा में उछाल दी और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। घटना के बाद न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन ने कहा कि संबंधित व्यक्ति अत्यधिक परेशान और हताश प्रतीत होता है तथा न्यायालय को उसके प्रति केवल सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि न्यायालय उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता। साथ ही यह भी कहा कि विवादित आदेश में हस्तक्षेप का कोई ठोस आधार नहीं मिला।

इस मामले में संबंधित अधिवक्ता के विरुद्ध अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत बार काउंसिल भी कार्रवाई कर सकती है। आरोप सही पाए जाने पर चेतावनी, कुछ समय के लिए वकालत पर रोक अथवा अधिवक्ताओं की सूची से नाम हटाने जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

## खास-खबरें

### राजपाल यादव को तीन माह की जेल

**नईदुनिया ब्यूरो, शाहजहांपुर/नई दिल्लीः** चेक अनादरण के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेता राजपाल यादव के विरुद्ध निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखते हुए उन्हें तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने चेक अनादरण के सातों मामलों में तीन-तीन माह की सजा सुनाई है, जो साथ-साथ चलेगी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को अभिनेता को कारागार भेजने के निर्देश दिए। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि राजपाल यादव का आचरण संदेहास्पद रहा है।

### पहले वंदे मातरम्, फिर जन-गण-मन होगा

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान जन-गण-मन के गायन तथा वादन को लेकर सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों को नए निर्देश जारी किए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन कार्यक्रमों में दोनों का गायन या वादन किया जाएगा, वहां पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और उसके बाद राष्ट्रगान जन-गण-मन प्रस्तुत किया जाएगा। जिन राज्यों में राज्य गीत का प्रावधान है, वहां भी निर्धारित क्रम का पालन करना होगा। नौ जुलाई को मंत्रालयों को पत्र भेजा दिया।

# उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन कॉरिडोर का किया भूमिपूजन

### मालवा के विकास और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मिलेगी नई गतिः डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को नागदा में 5,017 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 98.73 किलोमीटर लंबे उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन कॉरिडोर परियोजना का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि मालवा क्षेत्र के समग्र विकास, औद्योगिक प्रगति, कृषि, व्यापार और पर्यटन को नई गति देने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2027 तक यह परियोजना पूर्ण कर ली जाएगी, जिससे सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को भी मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर से उज्जैन को दिल्ली-मुंबई द्रुतगामी मार्ग से सीधा संपर्क मिलेगा तथा यात्रा समय और परिवहन लागत में कमी आएगी। लगभग 35 लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत सात ऊपरी पुल, तीन रेल ऊपरी पुल, आठ बड़े पुल, 22 मध्यम पुल, 36 अंडरपास, दो ओवरपास तथा 430 पुलियाओं का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उज्जैन-जावरा वर्तमान मार्ग के चौड़ीकरण, नागदा-खाचरौद को रतलाम से फोरलेन मार्ग द्वारा जोड़ने, खाचरौद में नई मटर मंडी और खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने, अटलावदा-निनावटखेड़ा के बीच चंबल नदी पर बांध निर्माण तथा नागदा में नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने नागदा में अस्थायी भवन में केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े जन सेवा प्रहरी अभियान का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी पर आधारित यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को स्वर्णिम घंटे के भीतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत सहित जनप्रतिनिधियों ने परियोजना को मालवा क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसका स्वागत किया।

### स्पेन के जंगल में भीषण आग, 12 लोगों की मौत

**मैड्रिड, एजेंसीः** स्पेन के दक्षिणी क्षेत्र एंडालूसिया के लॉस गैलार्डोस में जंगल की भीषण आग से 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर है। एक कार में चार लोग जिंदा जल गए, जबकि सात लोग अन्य जगह मृत मिले।

### ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को करेंगे संबोधित

# न्यूजीलैंड पहुंचे प्रधानमंत्री, मुक्त व्यापार समझौते पर होगी चर्चा



प्रधानमंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ मेलबर्न क्रिकेट मैदान का दौरा किया।

**ऑकलैंड, एजेंसीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने छह दिवसीय विदेश दौरे के अंतिम चरण में शुक्रवार को न्यूजीलैंड पहुंच गए। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह 40 वर्ष बाद न्यूजीलैंड यात्रा है। इससे पहले वर्ष 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने न्यूजीलैंड का दौरा किया था। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की शुरुआत न्यूजीलैंड सरकार के साथ द्विपक्षीय वार्ता से होगी। इस दौरान दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री एक व्यापारिक कार्यक्रम और एक खेल आयोजन में भी भाग लेंगे। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ऑकलैंड में लगभग 40 हजार भारतीय मूल के लोगों को भी संबोधित करेंगे। उनके स्वागत के लिए भारतीय समुदाय ने 'किया ओरा मोदी' नाम से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है। इससे पहले इस अवसर पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ भी मौजूद रहे।

मेलबर्न में प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला पहली बार भारत में खेला जाएगा। यह मुकाबला 12 दिसंबर को चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम (चेपॉक) स्टेडियम में आयोजित होगा। यह पहली बार होगा, जब इस प्रतियोगिता का कोई मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के बाहर आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया की यात्रा पूरी करने के बाद न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। न्यूजीलैंड में वह द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेंगे। इसके साथ ही भारतीय समुदाय के साथ संवाद भी उनके कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा रहेगा।

# ईरान और इजराइल के बीच फिर बढ़ा तनाव

**तेहरान/ तेल अवीव, एजेंसीः** ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि उसके महत्वपूर्ण ढांचों पर किसी प्रकार का हमला किया गया तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा और इजराइल इसके परिणामों से नहीं बच सकेगा। सरकारी माध्यमों के अनुसार ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मोहम्मद बाघेर जोलगदर ने शुक्रवार को यह चेतावनी जारी की।

ईरान का यह बयान ऐसे समय आया है, जब इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि उनका देश किसी भी स्थिति में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि ईरान के विरुद्ध संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है और आवश्यकता पड़ने पर इजराइल दोबारा भी हमला कर सकता है।

इजराइली वायुसेना के एक समारोह को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि यदि इजराइल ने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती तो ईरान अब तक परमाणु हथियार विकसित कर चुका होता। उन्होंने दोहराया कि इजराइल अपनी सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा और संभावित खतरे के विरुद्ध आवश्यक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

**मानसून** | बिहार और झारखंड में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी, महाचक्रवात 'बावी' का भी पड़ सकता है प्रभाव...

# पश्चिमी राज्यों में कमजोर पड़ा मानसून, पूर्वी भारत में वर्षा का असर

▶▶ **अलग-अलग क्षेत्रों में वर्षा कम-ज्यादा होने की संभावना**



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** देश में मानसून का विस्तार पूरे क्षेत्र में हो चुका है, लेकिन भारतीय मौसम विभाग की ताजा उपग्रह तस्वीरों ने मौसम की बदलती स्थिति की ओर संकेत किया है। जारी चित्रों के अनुसार मध्य भारत में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में बादलों का व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है।

इसके विपरीत गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब तथा देश के पश्चिमी हिस्सों में बादलों की मात्रा कम देखी गई है। मौसम विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में आने वाले दिनों में वर्षा की संभावना अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। इधर, बिहार और झारखंड के लिए अत्यधिक वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इन राज्यों में भारी से अत्यधिक वर्षा होने की आशंका के चलते सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

देश के मानसून को लेकर एक अन्य महत्वपूर्ण स्थिति भी सामने आई है। फिलीपींस के निकट प्रशांत महासागर में महाचक्रवात 'बावी' सक्रिय हो गया है। यह ताइवान और चीन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इसका प्रभाव तीन से चार हजार किलोमीटर दूर स्थित बंगाल की खाड़ी तक महसूस किया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक यह महाचक्रवात चीन के तटीय क्षेत्र तक नहीं पहुंचता, तब तक बंगाल की खाड़ी में वर्षा कराने वाला नया मौसमी तंत्र बनने की संभावना कम रहेगी। इसके कारण दो दिन बाद देश के अनेक हिस्सों में वर्षा की गतिविधियां कमजोर पड़ सकती हैं। व्यापक और अच्छी वर्षा के लिए लगभग एक सप्ताह तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।